**भारत सरकार**

**इस्पात मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 959**

**26 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए**

**इस्पात उत्पादन इकाइयाँ**

**959. डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**श्री कुलदीप राय शर्मा:**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरे:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान इस्पात उत्पादन इकाइयों में हुए इस्पात के उत्पादन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान आयातित विभिन्न प्रकार के इस्पात की वर्ष-वार मात्रा और मूल्य कितना है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान किन-किन देशों से इस्पात का आयात किया गया है और इस पर देश-वार कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की गई है;

(घ) क्या सस्ते इस्पात के आयात में अत्यधिक वृद्धि हुई है जिससे घरेलू इस्पात उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार स्थानीय विनिर्माताओं के हितों की रक्षा करने और सस्ते आयात की आमद को रोकने के लिए स्टेनलेस स्टील के आयात पर प्रतिकारी शुल्क लगाने पर विचार कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) घरेलू स्तर पर इस्पात के उत्पादन को बढ़ाने और सस्ते इस्पात के आयात को कम करने के लिए सरकार द्वारा अन्य कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री (श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान क्रूड इस्पात उत्पादन के आंकड़े निम्नवत् हैं:

| वर्ष | मात्रा (एमटी) |
|---|---|
| 2020-21 | 103.54 |
| 2021-22 | 120.29 |
| 2022-23 | 127.20 |
| अप्रैल-जून 2023-24* | 33.63 |
| | एमटी=मिलियन टन; *अनंतिम |

(ख) से (ङ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है, जहाँ सरकार देश में इस्पात क्षेत्र के विकास हेतु सुविधाप्रदाता की तरह कार्य करती है। आयात जैसे वाणिज्यिक निर्णय बाजार के मौजूदा रुझानों पर निर्भर करते हैं। सरकार सभी उत्पादों के आयात पर निगरानी रखती है और राष्ट्रीय हित में कदम उठाती है। विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तैयार इस्पात के आयात का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| **तैयार इस्पात का आयात** | | |
|---|---|---|
| **वर्ष** | **मात्रा (एमटी)** | **मूल्य (करोड़ रुपये में)** |
| 2020-21 | 4.75 | 32154 |
| 2021-22 | 4.67 | 46298 |
| 2022-23 | 6.02 | 64454 |
| अप्रैल-जून 2023-24* | 1.40 | 13817 |
| | | एमटी=मिलियन टन; *अनंतिम |

विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान श्रेणी-वार और देश-वार आयातों का ब्यौरा क्रमशः **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(च): घरेलू स्तर पर इस्पात उत्पादन बढ़ाने और इस्पात के आयात को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम निम्नानुसार हैं:

i. मेड इन इंडिया इस्पात की अधिप्राप्ति को बढ़ावा देने हेतु घरेलू स्तर पर विनिर्मित लौह एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति को अधिसूचित करना।
ii. घरेलू रूप से उत्पन्न स्क्रैप की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए इस्पात स्क्रैप पुनर्चक्रण नीति को अधिसूचित करना।
iii. गैर-मानकीकृत इस्पात के विनिर्माण एवं आयात को रोकने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) को जारी करना।
iv. अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम उद्योगों एवं उपभोक्ताओं, दोनों के हितों को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर सीमाशुल्क का अंशांकन।
v. स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने और 'विशेष इस्पात' उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 6,322 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ विशेष इस्पात हेतु उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को अधिसूचित और प्रारंभ किया गया।

****

**अनुलग्नक-I**

| कुल तैयार इस्पात का आयात | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **श्रेणी** | **2020-21** | | **2021-22** | | **2022-23** | | **अप्रैल-जून 2023-24*** | |
| | **मात्रा ('000 टन में)** | **मूल्य (करोड़ रुपये में)** | **मात्रा ('000 टन में)** | **मूल्य (करोड़ रुपये में)** | **मात्रा ('000 टन में)** | **मूल्य (करोड़ रुपये में)** | **मात्रा ('000 टन में)** | **मूल्य (करोड़ रुपये में)** |
| **तैयार इस्पात (नॉन-अलॉय)** | | | | | | | | |
| **नॉन-फ्लैट** | | | | | | | | |
| बार्स एवं रॉड्स | 143 | 714 | 63 | 455 | 115 | 834 | 41 | 271 |
| स्ट्रक्चरल्स | 31 | 176 | 14 | 104 | 9 | 83 | 1 | 10 |
| रेल सामग्री | 63 | 453 | 68 | 581 | 76 | 893 | 16 | 215 |
| **कुल नॉन-फ्लैट** | **237** | **1342** | **145** | **1140** | **199** | **1811** | **58** | **496** |
| **फ्लैट** | | | | | | | | |
| प्लेटें | 379 | 2318 | 237 | 1977 | 161 | 1909 | 71 | 598 |
| एचआर शीट्स | 1 | 6 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| एचआर क्वाइल्स/स्ट्रिप्स | 828 | 3537 | 811 | 5349 | 1525 | 8951 | 308 | 1819 |
| सीआर क्वाइल्स/शीट्स | 222 | 1247 | 340 | 2465 | 386 | 3119 | 81 | 614 |
| जीपी/जीसी शीट्स | 767 | 5008 | 735 | 6282 | 914 | 8798 | 251 | 2258 |
| इलेक्ट्रिक शीट्स | 460 | 3139 | 430 | 5171 | 264 | 5932 | 66 | 1291 |
| टीएमबीपी | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| टिन प्लेटें | 138 | 644 | 54 | 307 | 11 | 100 | 2 | 18 |
| टिन मुक्त इस्पात | 48 | 213 | 12 | 73 | 3 | 34 | 1 | 6 |
| पाइप्स | 158 | 974 | 150 | 1111 | 215 | 2096 | 70 | 631 |
| **कुल फ्लैट** | **3001** | **17087** | **2769** | **22735** | **3479** | **30941** | **850** | **7234** |
| **कुल तैयार इस्पात (नॉन-अलॉय)** | **3238** | **18430** | **2913** | **23875** | **3678** | **32752** | **908** | **7730** |
| **अलॉय/स्टेनलेस स्टील** | | | | | | | | |
| नॉन-फ्लैट | 344 | 3055 | 214 | 3547 | 233 | 4199 | 55 | 1033 |
| फ्लैट | 1171 | 10670 | 1542 | 18876 | 2111 | 27503 | 439 | 5054 |
| **कुल तैयार इस्पात (अलॉय/स्टेनलेस)** | **1515** | **13724** | **1756** | **22423** | **2344** | **31702** | **494** | **6087** |
| **कुल तैयार इस्पात (अलॉय+नॉन-अलॉय)** | **4752** | **32154** | **4669** | **46298** | **6022** | **64454** | **1401** | **13817** |

**अनुलग्नक -II**

| कुल तैयार इस्पात का आयात | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **देश** | **2020-21** | | **2021-22** | | **2022-23** | | **अप्रैल-जून 2023-24*** | |
| | **मात्रा** | **मूल्य** | **मात्रा** | **मूल्य** | **मात्रा** | **मूल्य** | **मात्रा** | **मूल्य** |
| | **('000 टन में)** | **(करोड़ रुपये में)** | **('000 टन में)** | **(करोड़ रुपये में)** | **('000 टन में)** | **(करोड़ रुपये में)** | **('000 टन में)** | **(करोड़ रुपये में)** |
| कोरिया | 1947 | 10863 | 2009 | 15904 | 2228 | 18564 | 497 | 3869 |
| चीन | 843 | 6302 | 833 | 9295 | 1407 | 16554 | 408 | 4213 |
| जापान | 560 | 4428 | 664 | 6408 | 841 | 9762 | 179 | 2065 |
| वियतनाम | 133 | 1265 | 75 | 1304 | 320 | 2976 | 84 | 719 |
| रूस | 63 | 526 | 55 | 768 | 313 | 2630 | 19 | 283 |
| ताइवान | 186 | 1080 | 194 | 1610 | 163 | 1906 | 57 | 415 |
| इंडोनेशिया | 79 | 771 | 241 | 4511 | 148 | 3392 | 9 | 182 |
| जर्मनी | 146 | 1209 | 151 | 1511 | 112 | 1683 | 21 | 342 |
| फ्रांस | 121 | 857 | 58 | 622 | 77 | 1076 | 8 | 153 |
| नेपाल | 6 | 30 | 9 | 68 | 59 | 458 | 18 | 147 |
| अन्य | 671 | 4823 | 379 | 4297 | 353 | 5454 | 100 | 1431 |
| **कुल** | **4752** | **32154** | **4669** | **46298** | **6022** | **64454** | **1401** | **13817** |

*अनंतिम

*****